कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

फोन न. 0771– 2972780 फैक्स नं. 0771–2972782, **Website** - https://vyapamcg.cgstate.gov.in/

क्रमांक / 688 /परीक्षा/व्यापम/2025 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 10.03.2025

//प्रेस विज्ञप्ति//

व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं हेतु प्रोफाइल पंजीकरण तथा पुराने प्रोफाइल को अद्यतन (UPDATE) किया जाना अनिवार्य

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न प्रवेश, पात्रता एवं भर्ती परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से प्रोफाइल पंजीकरण की व्यवस्था लागू है, जिसमें अभ्यर्थी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी बार–बार भरनी नहीं होती है। प्रोफाइल पंजीकरण सिर्फ एक बार करना होता है तथा इसी प्रोफाइल पर अभ्यर्थी लॉगिन करके ऑनलाइन आवेदन कर करते है।

दिनांक 27.02.2025 से व्यापम की पुरानी बेवसाइट के स्थान पर नई वेबसाइट – https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ प्रारंभ किया गया है। वे अभ्यर्थी जिन्होंने पुराने वेबसाइट में प्रोफाइल पंजीकरण करा लिया है, उन्हें नये बेवसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अपने प्रोफाइल को अद्यतन (UPDATE) करना अनिवार्य है।

प्रोफाइल अद्यतन (UPDATE) करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने पूर्व के प्रोफाइल लॉगिन एवं पासवर्ड के माध्यम से निम्न अपडेशन ऑनलाइन करना अनिवार्य है :–

1. अभ्यर्थी अपने पुराने फोटो के स्थान पर नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो (50 KB से 100 KB JPG) अपलोड करें।
2. अभ्यर्थी अपने पुराने हस्ताक्षर के स्थान पर नया हस्ताक्षर (50 KB से 100 KB JPG) अपलोड करें।
3. अभ्यर्थी अपना प्रोफाइल का पासवर्ड अनिवार्य रूप से परिवर्तित करें।
4. प्रोफाइल में अपना वैध ई–मेल एड्रेस की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से करें।
5. यदि कोई अभ्यर्थी दिव्यांग है, तो नये वेबसाइट में उल्लेखित दिव्यांगता के प्रकार का चयन करके अपना प्रोफाइल अपडेट करें। दिव्यांग अभ्यर्थी को अपने प्रोफाइल में जिला मेडिकल बोर्ड या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का क्रमांक एवं जारी होने का दिनांक भी प्रविष्ट करना अनिवार्य है।
6. इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी अपने प्रोफाइल की व्यक्तिगत जानकारी में कोई सुधार करना चाहता है, तो नये वेबसाइट में अपने प्रोफाइल लॉगिन में जाकर अनिवार्य रूप से सुधार कर ले।

जिन अभ्यर्थियों ने व्यापम के वेबसाइट में पूर्व में अपना प्रोफाइल पंजीकरण नहीं किया है, वे व्यापम के नये बेवसाइट पर प्रोफाइल पंजीकरण अनिवार्य रूप से कर ले। व्यापम की परीक्षाओं में ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रोफाइल पंजीकरण अनिवार्य है। प्रोफाइल में अभ्यर्थी द्वारा दी गई व्यक्तिगत जानकारी ही ऑनलाइन आवेदन में आता है तथा अभ्यर्थी के ऑनलाइन आवेदन के आधार पर ही व्यापम द्वारा ऑनलाइन प्रवेश पत्र एवं परीक्षा परिणाम जारी किया जाता है। अतः अभ्यर्थी प्रोफाइल में अपनी व्यक्तिगत जानकारी सावधानीपूर्वक भरे अथवा अद्यतन (UPDATE) करें।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अभ्यर्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र के प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

10/3/2025

संयुक्त नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
अटल नगर, नवा रायपुर